This Question Paper consists of 32 questions and **8** printed pages.
इस प्रश्न–पत्र में **32 प्रश्न** तथा **8 मुद्रित पृष्ठ** हैं ।

**Roll No.**
**अनुक्रमांक**

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

**Code No. : 55/ASS/3– A**
**कोड नं.**

# ECONOMICS
# अर्थशास्त्र
# (318)

**Day and Date of Examination** ______________________
**(परीक्षा का दिन व दिनांक)**

**Signature of Invigilators** **1.** ______________________
**(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)**

**2.** ______________________

***General Instructions :***

1 Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2 Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3 Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4 Write your Question Paper Code No. **55/ASS/3, Set– A** on the Answer-Book.
5 (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :
English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.
(b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

***सामान्य अनुदेश :***

**1** परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें ।
**2** कृपया प्रश्न–पत्र को जाँच लें कि प्रश्न–पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है । इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं ।
**3** उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा ।
**4** अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्न–पत्र की कोड संख्या **55/ASS/3, सेट- A** लिखें ।
**5** (क) प्रश्न–पत्र केवल हिंदी/अंग्रेजी माध्यम में है । फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं: अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी ।
कृपया उत्तर–पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं ।
(ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों / गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी ।

# ECONOMICS

# अर्थशास्त्र

# (318)

Time : **3** Hours] [Maximum Marks : **100**

समय : **3** घण्टे] [पूर्णांक : **100**

**Note :** (i) **All** questions are **compulsory.**

(ii) Marks allotted to each question are indicated against it.

(iii) Each question from Question Nos. **1** to **10** has four alternatives (A), (B), (C) and (D), out of which one is most appropriate. Select the correct answer among the four alternatives and write it in your Answer-Book against the number of the question. No extra time is allotted for attempting multiple choice questions.

**निर्देश :** (i) **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक लिखे गए हैं ।

(iii) प्रश्न संख्या **1** से **10** तक के प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प – (A), (B), (C) तथा (D) हैं, जिनमें से एक उपयुक्त हैं । चारों विकल्पों में से सही उत्तर चुनें तथा अपनी उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न संख्या के सामने उत्तर लिखें । बहु–विकल्पी प्रश्नों के लिए अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा ।

---

**1** What type of correlation is expected between heights and weights of students ? **1**

(A) Positive (B) Negative

(C) Infinite (D) None

विद्यार्थियों के कद और वजन में किस प्रकार के सहसंबंध की अपेक्षा होती है ?

(A) धनात्मक (B) ऋणात्मक

(C) अनंत (D) कैसा भी नहीं

**2** Positive economics deals with the economic phenomenon : **1**

(A) What is (B) What ought to be

(C) Individual behaviour (D) Economy's behaviour

वास्तविक अर्थशास्त्र इस आर्थिक तथ्य से संबंधित है :

(A) क्या है (B) क्या होना चाहिए

(C) व्यक्तिगत आर्थिक व्यवहार (D) अर्थव्यवस्था का व्यवहार

**3** Ordinal utility analysis was developed by : **1**

(A) Marshall (B) Hicks

(C) Robbins (D) Samuelson

क्रमसूचक उपयोगिता विश्लेषण इन्होंने विकसित किया :

(A) मार्शल (B) हिक्स

(C) रोबिन्स (D) सैम्यूलसन

4 $x$ and $y$ are complementary goods. When price of $x$ rises, demand for $y$ : **1**

(A) Rises (B) Falls

(C) Remains unchanged (D) Is uncertain

$x$ और $y$ दो पूरक वस्तुएँ है । जब $x$ की कीमत बढ़ती है, तो $y$ की माँग :

(A) बढ़ती है (B) घटती है

(C) वही रहती है (D) अनिश्चित होती है

5 As output increases, average variable cost : **1**

(A) Increases (B) Decreases

(C) Remains unchanged (D) Initially falls, then rises

जब उत्पादन बढ़ता है, तो औसत परिवर्ती लागत :

(A) बढ़ती है (B) घटती है

(C) स्थिर रहती है (D) शुरू में गिरती है, फिर बढ़ती है

6 Different forms of markets are distinguished on the basis of : **1**

(A) Number of firms (B) Ease of entry and exit of firms

(C) Product differentiation (D) All the above

बाजार के विभिन्न प्रकारों में भेद इस आधार पर किया जाता है :

(A) फर्मों की संख्या (B) फर्मों के प्रवेश और बहिर्गमन की सुगमता

(C) उत्पाद विभेद (D) उपरोक्त सभी

7 To arrive at "domestic product at market price" from "domestic product at factor cost", the following adjustment is made : **1**

(A) Add subsidies to and subtract indirect taxes from domestic product at factor cost.

(B) Add indirect taxes to and subtract subsidies from domestic product at factor cost.

(C) Add both subsidies and indirect taxes to domestic product at factor cost

(D) Subtract both subsidies and indirect taxes from domestic product at factor cost

''साधन लागत पर घरेलू उत्पाद'' से ''बाजार कीमत पर घरेलू उत्पाद'' प्राप्त करने हेतु यह किया जाता है :

(A) साधन लागत पर घरेलू उत्पाद में आर्थिक सहायता जोड़ते हैं और अप्रत्यक्ष कर घटाते हैं ।

(B) साधन लागत पर घरेलू उत्पाद में अप्रत्यक्ष कर जोड़ते हैं और आर्थिक सहायता घटाते हैं ।

(C) साधन लागत पर घरेलू उत्पाद में आर्थिक सहायता और अप्रत्यक्ष कर दोनों जोड़ते हैं ।

(D) साधन लागत पर घरेलू उत्पाद से आर्थिक सहायता और अप्रत्यक्ष कर दोनों घटाते हैं ।

8 Transportation of products is a part of : **1**

(A) Primary sector (B) Secondary sector

(C) Tertiary sector (D) Government sector

उत्पादों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना किस क्षेत्र के अन्तर्गत आता है ?

(A) प्राथमिक क्षेत्र (B) द्वितीयक क्षेत्र

(C) तृतीयक क्षेत्र (D) सरकारी क्षेत्र

9 The sum of marginal propensity to consume and marginal propensity to save is : **1**

(A) Zero (B) One

(C) Less than one but greater than zero (D) Greater than one

सीमांत उपभोग प्रवृत्ति और सीमांत बचत प्रवृत्ति का योग यह है :

(A) शून्य (B) एक

(C) एक से कम लेकिन शून्य से अधिक (D) एक से अधिक

**10** Borrowings by government is : **1**

(A) Revenue receipt

(B) Capital receipt

(C) Neither capital receipt nor revenue receipt

(D) Capital receipt if borrowings are from abroad, all other borrowing are revenue receipts.

सरकार द्वारा ऋण लेना :

(A) राजस्व प्राप्ति है

(B) पूँजीगत प्राप्ति है

(C) ना तो पूँजीगत प्राप्ति है और ना ही राजस्व प्राप्ति

(D) यदि ऋण विदेशों से लिया है तो पूँजीगत प्राप्ति, अन्य ऋण राजस्व प्राप्ति ।

**11** Distinguish between median and mode. **3**

माध्यिका और बहुलक में भेद कीजिए ।

**12** Explain the concept of microeconomics. Give an example. **3**

व्यष्टि अर्थशास्त्र की अवधारणा समझाइए । एक उदाहरण दीजिए ।

**13** State any **three** assumptions on the basis of which production possibilities are determined. **3**

कोई **तीन** मान्यताएँ बताइए जिनके आधार पर उत्पादन संभावनाएँ विकसित की जाती हैं ।

**14** Explain "interdependence between the firms" feature of oligopoly. **3**

अल्पाधिकार की ‘‘फर्मों में पारस्परिक अंतर्निभरता’’ विशेषता समझाइए ।

**15** Explain the meaning of excess supply and its effect on price. **3**

आपूर्ति आधिक्य का अर्थ और इसका कीमत पर प्रभाव समझाइए ।

**16** Explain the meaning of mixed income of self-employed. **3**

स्वनियोजितों की मिश्रित आय के अर्थ समझाइए ।

17 Calculate marginal propensity to consume from the following : **3**

(i) Increase in national income = Rs. 1,000 crore.

(ii) Increase in investment = Rs. 100 crore

निम्नलिखित से सीमांत उपभोग प्रवृत्ति का परिकलन कीजिए :

(i) राष्ट्रीय आय में वृद्धि = 1,000 करोड़ रु.

(ii) निवेश में वृद्धि = 100 करोड़ रु.

18 Define average propensity to consume and average propensity to save. State the relation between the two. **3**

औसत उपभोग प्रवृत्ति और औसत बचत प्रवृत्ति की परिभाषा दीजिए । दोनों के बीच संबंध बताइए ।

19 What is autonomous investment ? Represent the same on a diagram. **3**

स्थिर (स्वायत्त) निवेश से क्या अभिप्राय है ? इसे रेखाचित्र पर दिखाइए ।

**For the Blind Candidates in lieu of Q. No. 19.**

**केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 19 के स्थान पर ।**

Explain the concept of autonomous investment.

स्थिर (स्वायत्त) निवेश की अवधारणा समझाइए ।

20 Calculate revenue deficit from the following : **3**

| | | **(Rs. crore)** |
|---|---|---|
| (i) | Tax revenue | 200 |
| (ii) | Non-tax revenue | 300 |
| (iii) | Recovery of loans | 100 |
| (iv) | Revenue expenditure | 600 |

निम्नलिखित से राजस्व घाटा का परिकलन कीजिए :

| | | **(करोड़ रु.)** |
|---|---|---|
| (i) | कर राजस्व | 200 |
| (ii) | गैर–कर राजस्व | 300 |
| (iii) | ऋणों की वसूली | 100 |
| (iv) | राजस्व व्यय | 600 |

21 Explain the difference between 'absence of correlation' and 'perfect correlation'. **4**

'सहसंबंध की अनुपस्थिति' और 'पूर्ण सहसंबंध' में अंतर समझाइए ।

22 When price of a good falls by 20 percent, its supply falls by 40 percent. Calculate price elasticity of supply. **4**

जब एक वस्तु की कीमत 20 प्रतिशत गिरती है तो उसकी आपूर्ति 40 प्रतिशत कम हो जाती है । आपूर्ति की कीमत लोच का परिकलन कीजिए ।

23 State the relation between marginal physical product and average physical product. **4**

सीमांत भौतिक उत्पाद तथा औसत भौतिक उत्पाद के बीच संबंध बताइए ।

24 Calculate personal income from the following : **4**

| | | (Rs. crore) |
|---|---|---|
| (i) | Savings of private corporate sector | 20 |
| (ii) | Net domestic product at factor cost accruing to the private sector | 700 |
| (iii) | Corporation tax | 60 |
| (iv) | National debt interest | 100 |
| (v) | Net current transfers from abroad | 10 |
| (vi) | Net factor income from abroad | (–) 10 |
| (vii) | Current transfer from government | 30 |

निम्नलिखित से वैयक्तिक आय का परिकलन कीजिए :

| | | (करोड़ रु.) |
|---|---|---|
| (i) | निजी निगमित क्षेत्र की बचत | 20 |
| (ii) | निजी क्षेत्र को साधन लागत पर निवल घरेलू उत्पाद से प्राप्त आय | 700 |
| (iii) | निगम कर | 60 |
| (iv) | राष्ट्रीय ऋण पर ब्याज | 100 |
| (v) | विदेशों से निवल चालू हस्तांतरण | 10 |
| (vi) | विदेशों से निवल साधन आय | (–) 10 |
| (vii) | सरकार से चालू हस्तांतरण | 30 |

25 With the help of example explain how the "lack of common unit of measurement" was a demerit of the barter system. **4**

उदाहरण की सहायता से समझाइए कि कैसे वस्तु–विनिमय प्रणाली में ''माप की सर्वमान्य इकाई का अभाव'' उसकी एक बुराई थी ।

26 Explain "open market operations" as an instrument of credit control. **4**

साख नियंत्रण के उपाय के रूप में ''खुले बाजार की क्रियाएँ'' समझाइए ।

27 Calculate Quartile Deviation of marks obtained by seven students : **6**

30, 100, 70, 40, 60, 50, 80

सात विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों का ''चतुर्थक विचलन'' का परिकलन कीजिए :

30, 100, 70, 40, 60, 50, 80

**28** Calculate price index of the year 2013. Take year 2012 as base. Use "Simple Average of Price Relatives" method. Comment upon the result : **6**

| **Commodity** | **Prices in the year 2012 (Rs.)** | **Prices in the year 2013 (Rs.)** |
|---|---|---|
| E | 5 | 7 |
| F | 7 | 7 |
| G | 8 | 10 |
| H | 4 | 5 |

वर्ष 2013 का मूल्य सूचकाँक का परिकलन कीजिए । वर्ष 2012 को आधार लीजिए । ''सरल औसत मूल्य अनुपात'' विधि अपनाइए । परिणाम पर टिप्पणी कीजिए :

| **वस्तु** | **वर्ष 2012 की कीमतें (रु.)** | **वर्ष 2013 की कीमतें (रु.)** |
|---|---|---|
| E | 5 | 7 |
| F | 7 | 7 |
| G | 8 | 10 |
| H | 4 | 5 |

**29** Explain how the following affect the price elasticity of demand of a goods ? **6**

(i) Share of expenditure on goods in total expenditure

(ii) Level of income

समझाइए कि निम्नलिखित का वस्तु की माँग की कीमत लोच को कैसे प्रभावित करते है ?

(i) कुल व्यय में वस्तु पर व्यय का अंश

(ii) आय का स्तर

**30** A consumer consumes only two goods $x$ and $y$. State the conditions of consumer's equilibrium using utility analysis. Explain what happens when consumer is not in equilibrium. **6**

एक उपभोक्ता केवल दो वस्तुओं $x$ और $y$ का उपभोग करता है । उपयोगिता विश्लेषण द्वारा उपभोक्ता संतुलन की शर्तें बताइए । समझाइए कि यदि उपभोक्ता संतुलन में न हो तो क्या होगा ?

**31** Explain the distinction between private costs and social cost. Give examples. **6**

निजी लागतों और सामाजिक लागतों के बीच भेद की व्याख्या कीजिए । उदाहरण दीजिए ।

**32** Calculate Net National Product at Factor Cost from the following : **6**

**(Rs. Crore)**

(i) Private final consumption expenditure ........................................ 900

(ii) Profit ........................................................................................... 60

(iii) Net factor income from abroad ................................................ (–) 10

(iv) Government final consumption expenditure ................................ 200

(v) Consumption of fixed capital ........................................................ 20

(vi) Gross domestic capital formation ................................................. 100

(vii) Subsidies ...................................................................................... 5

(viii) Exports ......................................................................................... 25

(ix) Indirect tax ................................................................................... 70

(x) Imports ......................................................................................... 30

निम्नलिखित से साधन लागत पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद का परिकलन कीजिए :

**(करोड़ रु.)**

(i) निजी अंतिम उपभोग व्यय ........................................................ 900

(ii) लाभ ............................................................................................ 60

(iii) विदेशों से निवल साधन आय ................................................ (–) 10

(iv) सरकारी अंतिम उपभोग व्यय ...................................................... 200

(v) अचल पूँजी का उपभोग .............................................................. 20

(vi) सकल घरेलू पूँजी निर्माण ........................................................... 100

(vii) आर्थिक सहायता ............................................................................ 5

(viii) निर्यात .......................................................................................... 25

(ix) अप्रत्यक्ष कर ................................................................................ 70

(x) आयात .......................................................................................... 30